मौजा - अमड़ा कुलौली, खाता सं॰ - 161, दाग सं॰ - 584
मुख्यमंत्री जन संवाद संख्या - 2017-48864, 2017-45382

22/12/17

21/12/17

Scanned with CamScanner

अंचल कार्यालय, पोड़ैयाहाट

प्रेषक,

पत्रांक 877 / रा0

अंचल अधिकारी,
पोड़ैयाहाट।

सेवा में,

जिला नोडल पदाधिकारी, झारखंड जन संवाद एवं समाधान (CPGRAMS) कोषांग, गोड्डा। पोड़ैयाहाट, दिनांक– 22/12/17

विषयः– अमड़ा कनौली के मौजा संख्या 07, दाग संख्या 584 आम रास्ता सड़क गत सर्वे में दर्ज है जिसे जयनन्दन राउत पिता चरित्र राउत, देवेन्द्र यादव पिता स्व0 लक्ष्मण यादव के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस कारण ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी हो रही है। इस संदर्भ में कई बार अंचलाधिकारी एवं प्रशासनिक पदाधिकारी, गोड्डा को लिखित शिकायत की गई है परंतु अब–तक कोई कार्रवाई नही हुई है।

प्रसंगः– मुख्यमंत्री जन संवाद सं0–2017–45382 एवं 2017–48864 दिनांक 12.10.2017

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक कहना है कि मुख्यमंत्री जनसंवाद संख्या 2017–45382 / 2017–48864 गैरमजरूआ खाता संख्या 161, प्लॉट संख्या 584, रकवा 00–05–07 धूर, थाना संख्या 07, मौजा अमड़ा कनौली जमीन रास्ता अतिक्रमण हटाने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 859 दिनांक 15.12.2017 के द्वारा दण्डाधिकारी सहित पुलिस सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। उनके उपस्थिति में दिनांक 21.12.2017 को प्रश्नगत स्थल का अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। फोटो संलग्न है।

श्रीमान् को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन

22/12/17

अंचल अधिकारी,
पोड़ैयाहाट।